हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 रेल गाड़ियां देरी से आने पर यात्रियों को परेशानी



12 एशियन चैंपियनशिप में विजेता दीक्षा का स्वागत



## खबर संक्षेप

### मर्चेंट नेवी के कर्मचारी का शव खेत में मिला



**झज्जर।** गांव कोयलपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक मर्चेंट नेवी कर्मचारी की मौत हो गई। उसका शव सोमवार शाम को खेत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय विवेक पुत्र राजकुमार यादव के तौर पर हुई है। जांच अधिकारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि विवेक काफी दिनों से बीमार था और वह छुट्टी लेकर अपने घर आया हुआ था। सोमवार को वह खेत में गया था। जब देर तक नहीं लौटा तो परिजन खेत पहुंचे जहां विवेक अचेत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### कैमलगढ़ गांव में अवैध निर्माण पर लगाई रोक

**झज्जर।** डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि क्षेत्र के गांव कैमलगढ़ में बिना लाइसेंस, सीएलयू, एनओसी प्राप्त किए अवैध रूप से कॉलोनी को विकसित करने की रिपोर्ट प्रशासन के संज्ञान में आई है। उन्होंने निर्देश दिए कि नवीनतम राजस्व अभिलेख (जमाबंदी, इंतकाल आदि) उपलब्ध कराएं और साथ ही इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की बिक्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण या क्रियान्वयन न करें। उन्होंने बताया कि गांव कैमलगढ़ में मुसतिल किला नंबर 40//9/1 ,9/3व 9/4 में कोई भी व्यक्ति जमीन की खरीदारी न करें। उन्होंने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि चिन्हित क्षेत्र में बिजली कनेक्शन जारी ना किए जाएं।

### सोमनाथ दर्शन के लिए 6 जून तक करें आवेदन

**झज्जर।** एडीसी जगनिवास ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर के श्रद्धालुओं को श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की धार्मिक यात्रा करवाने का निर्णय लिया है। श्रद्धालु छह जून तक सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। आठ जून को कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री इस विशेष ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### बालोर रोड से गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने गांजे सहित पंकज निवासी बहादुरगढ़ को काबू किया है। उसे बालोर रोड के पास से पकड़ा गया। उसके पास 205 ग्राम गांजा पाया गया।

## मेट्रो कॉरिडोर के नीचे डिवाइडर के सौंदर्यीकरण में गड़बड़झाले का आरोप

# हल्की ग्रिल, भारी भ्रष्टाचार

- 29 मई को डीएमसी ने मेट्रो कॉरिडोर का दौरा कर काम में गिनवाई थीं खामियां
- बिल में ज्यादा बताया जा रहा ग्रिल का वजन, असल में कम होने पर अब लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद द्वारा शहर के बीचों-बीच मेट्रो कॉरिडोर के नीचे स्थित डिवाइडर को हरा-भरा और सुंदर बनाया जा रहा है, लेकिन करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे सौंदर्यीकरण में गुणवत्ता की अनदेखी के साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि मौके पर लगाई गई ग्रिल का वजन बिल में काफी अधिक है। डीएमसी द्वारा शुक्रवार को किए गए निरीक्षण के बाद अब कार्य एजेंसी द्वारा कई महीने पहले लगाई गई ग्रिलों पर अतिरिक्त लोहे की चैनल वेल्ड कर उनका वजन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

बता दें कि बहादुरगढ़ नगर परिषद द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए मेट्रो लाइन के नीचे बने डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है। इसके तहत डिवाइडर पर ग्रिल के साथ ही पौधे लगाए जा रहे हैं और उसे हरा-भरा बनाया जा रहा है। डिवाइडर पर कुछ स्थानों पर सेल्फी प्वॉइंट भी बनाए जाएंगे। साथ ही कई स्थानों पर ऐतिहासिक स्मारकों के मिनिएचर बनाए जाने की योजना है। महाराजा डेकोरेटिव लाइट लगाने के साथ ही मेन रोड को तिरंगा लाइटों से जगमग किया जाएगा। नगर परिषद द्वारा इस पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

दरअसल, ब्यूटीफिकेशन का सेंट्रल मेडियन विद ग्रीनरी एंड रोप लाइट ऑन एक्जिस्टिंग स्ट्रीट लाइट पोल्स ऑन दिल्ली-रोहतक रोड नामक कार्य मैसेर्ज डीडीआर बिल्डटेक को 3 मार्च 2025 को अलॉट किया गया था। हालांकि एजेंसी द्वारा सुस्त रफ्तार से काम किया जा रहा है। इसे लेकर अधिकारियों ने कई बार मौखिक और लिखित तौर पर हिदायतें दी थी, लेकिन काम में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे और बिल बढ़िया बनता गया। डीएमसी अभिनव सिवाच द्वारा शुक्रवार 29 मई को निरीक्षण किया गया। डीएमसी ने अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई थी।





बहादुरगढ़। डिवाइडर पर लगी ग्रिल के ऊपर चैनल लगाते कर्मचारी।

### भ्रष्टाचार सहन नहीं

डीएमसी अभिनव सिवाच के अनुसार



विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही अथवा भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। मौके पर निरीक्षण कर अधिकारियों को सख्त हिदायतें दी जा रही हैं। अधिकारियों के साथ ही निर्माण में जुटी एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने की जरूरत है। काम की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। विकास कार्यों में कमी पाई तो कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रिल में 40 किलोग्राम का झोल

जानकारी के अनुसार, मेट्रो कॉरिडोर के डिवाइडर पर ग्रिल व पौधे लगाने का कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है। सूत्रों के अनुसार संबंधित द्वारा प्रत्येक ग्रिल का वजन लगभग 100 किलोग्राम दर्शाकर बिल बना दिया गया, जबकि मौके पर लगी ग्रिलों का वास्तविक वजन करीब 60 किलोग्राम प्रति ग्रिल बताया जा रहा है। अब इसी अंतर को पूरा करने के लिए एजेंसी द्वारा पहले लगाकर पेंट की गई ग्रिलों पर अतिरिक्त चैनल वेल्ड कर वजन बढ़ाया जा रहा है। इससे कार्य की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं।

### एक वर्ष पहले भी जारी किया था नोटिस

कई महीने पहले भी नगर परिषद ने एजेंसी को नोटिस दिया था। उस समय कनिष्ठ अभियंता नीरज ने निरीक्षण में पाया था कि रेलिंग ग्रिल सड़क के साथ सही से नहीं लगाई गई। इन्हें तरीके से ग्राउट भी नहीं किया गया था। बिना प्राइमर और बिटुमिन कोट के ही फाउंडेशन में खड़ा कर दिया गया था। डिवाइडर पर लगाई जा रही ग्रिल बुरी तरह जंग खाई हुई थी। डिवाइडर पर अच्छी तरह से वर्मी कंपोस्ट मिट्टी में मिलाए बगैर ही पौधे लगाए जा रहे हैं। पालिका अभियंता ने 13 जून 2025 को इन खामियों का उल्लेख करते हुए एजेंसी को लिखित नोटिस जारी किया था।

अब नगर परिषद के डीएमसी अभिनव सिवाच ने 29 मई को मौके का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई थी और कार्य में सुधार के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब ग्रिलों पर अतिरिक्त लोहे के हिस्से जोड़ने का कार्य शुरू होने से मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस मामले में राजेश खत्री ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# तीन खाद-बीज विक्रेताओं के लाइसेंस किए रद्द



झज्जर। खाद एवं बीज की दुकान का स्टॉक चेक करते हुए टीम अधिकारी।

- यूरिया के साथ दूसरे उत्पाद जबरन बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

किसानों द्वारा यूरिया के साथ टैंगिंग के जरिए उत्पाद बेचने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले की विभिन्न खाद एवं बीज संबंधी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग से जिला गुण नियंत्रक अधिकारी डॉक्टर जसबीर सिंह व एसडीओ डॉक्टर जगजीत सिंह सांगवान ने अपनी टीम के साथ दुकानों का निरीक्षण करते हुए टैंगिंग मामले में तीन दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए हैं। जिला गुण नियंत्रक अधिकारी डॉक्टर जसबीर सिंह ने बताया कि बादली में श्रीराम सीड्स एंड फर्टीलाइजर, झज्जर में नरेंद्र खाद भंडार व जहाजगढ़ में भूविका खाद एवं बीज भंडार का लाइसेंस रद्द किया गया है। इन दुकानों में टैंगिंग के जरिए किसानों को कृषि उत्पाद बेचे जा रहे थे। इसके अलावा संबंधित दुकानों पर जहां पीओसी मशीन व स्टॉक रजिस्टर के मिलान में अनियमितता पाई गई। दुकानों के बाहर डिस्प्ले बोर्ड पर भी रेट लिखे नहीं मिले।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव बुपनिया में बीती सायं बाइक की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 50 वर्षीय सुमन निवासी बुपनिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुमन सोमवार देर शाम को पानी लेने के लिए पड़ोस में जा रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसका सिर सड़क पर जा लगा। आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दी। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने बुपनिया निवासी आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी की पहचान हो गई है।

## एचएनजी गेट से बीकानेर चौक तक गश्त की मांग

# फुटपाथ पर खड़ी 3 गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की सड़कों पर वाहन सुरक्षित नहीं हैं। कभी वाहन चोरी हो जाते हैं तो कभी उनके शीशे चटका दिए जाते हैं। सोमवार रात को भी वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर वारदात हो गई। यहां फुटपाथ पर खड़ी 3 गाड़ियों के शीशे चोरी के मकसद से तोड़ दिए गए। गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। पुलिस को शिकायत दे दी गई है।

बीकानेर चौक से एचएनजी गेट के बीच फुटपाथ पर यह वारदात हुई है। दरअसल, फुटपाथ पर काफी गाड़ियां खड़ी रहती हैं। बीती रात को यहां खड़ी डॉ. विक्रम महेश्वरी की टाटा नेक्सन, कमल शर्मा की वेंटो तथा कमलेश्वर सिंह की क्रेटा गाड़ी को शातिरों ने निशाना बनाया। न केवल शीशे तोड़े गए बल्कि सामान तक खंगाल दिया गया। मंगलवार की सुबह वाहन मालिक मौके पर पहुंचे तो कारों के शीशे टूटे देखकर दंग रह गए। विक्रम के अनुसार, कुछ रुपये व अन्य सामान चोरी हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी स्थान पर कई बार वाहनों के शीशे तोड़कर चोरी की वारदात हो चुकी हैं। शाम होते ही नाला रोड का यह फुटपाथ असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है, जहां खुलेआम शराब और नशे का सेवन किया जाता है। कई बार यहां चोरी की गाड़ियां भी लावारिस हालत में खड़ी मिली हैं। पार्षद सचिन दलाल ने कहा कि नाला रोड पर जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी और पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने को कहा गया है। मॉडल टाउन रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि एचएनजी गेट से बीकानेर चौक तक नियमित पुलिस गश्त करवाई जाए, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। नशा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



बहादुरगढ़। चोरों ने तोड़ा गाड़ी का शीशा।

# दुजाना में बुजुर्ग की हत्या मामले में एक युवक हिरासत में



झज्जर। दुजाना थाने के बाहर खड़े परिजन और ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

**हिरासत में लेने पर आरोपी के परिजनों ने जताया रोष**

रविवार दोपहर बाद गांव दुजाना में हुई बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा एक युवक को हिरासत में लिया गया है। जिसके चलते परिजनों और ग्रामीणों ने रोष जताया है। सोमवार को परिजन और ग्रामीण पहले दुजाना थाना प्रभारी और बाद में पुलिस कमिश्नर से मिले। परिजनों ने कहा कि उनके भाई को बेकसूर फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, अगर वह कसूरवार है तो उसको सजा दिलाई जाए और कसूरवार नहीं है तो उसे छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अगर बेकसूर को फंसाया गया तो रोड जाम करने से पीछे नहीं हटेंगे। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है।

# फर्रुखनगर के नजदीक 2 बसों की टक्कर, 7 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार सुबह झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर फर्रुखनगर के बीच दो बसों की टक्कर हो गई। इस घटना में प्राइवेट बस में सवार करीब सात सवारियों को हल्की चोटें आईं। सुबह सात बजकर बीस मिनट पर हुई इस घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों में जहां बस कंडक्टर सहित पांच सवारियों को उपचार के लिए फर्रुखनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

वहीं प्राइवेट बस चालक व एक अन्य महिला को स्थानीय नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। अस्पताल में उपचाराधीन बस चालक की पहचान श्रीभगवान पुत्र सूरत सिंह निवासी गांव हसनपुर के तौर पर हुई है। श्रीभगवान के शरीर पर अधिक चोट लगी जबकि हसनपुर निवासी वीना नामक एक अन्य महिला भी उपचार के लिए दाखिल हुई। जानकारी के अनुसार श्रीभगवान पिछले कई वर्षों से झज्जर-गुरुग्राम रूट पर प्राइवेट बस का चालक है। वह रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह भी गुरुग्राम से सवारियां लेकर झज्जर के लिए चला था, फर्रुखनगर के नजदीक पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रही एक निजी कंपनी की बस ने उनकी बस को टक्कर मार दी। निजी कंपनी की बस खाली होने के कारण उसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। यह घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में भी कैद हो गई।



झज्जर। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के साथ उपस्थित परिजन।

### तेल की अवैध ढुलाई और जमाखोरी पर रहेगी नजर

**झज्जर।** मंगलवार को अधिकारियों और पेट्रोल पंप एसोसिएशन की बैठक में डीसी वर्षा खांगवाल ने डीजल एवं पेट्रोल की असामान्य बिक्री, अवैध भंडारण तथा अनधिकृत अंतर्राज्यीय ढुलाई पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिलाभर में 177 पेट्रोल पंप हैं और पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है तथा आमजन को घबराकर अतिरिक्त खरीदारी या भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, यदि किसी पेट्रोल पंप पर डीजल अथवा पेट्रोल की बिक्री में अचानक और असामान्य वृद्धि पाई जाती है तो उसकी तत्काल जांच की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पेट्रोल पंपों से अनधिकृत टैंकरों अथवा ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बड़ी मात्रा में ईंधन की आपूर्ति न की जाए। किसी भी सूरत में पेट्रोलियम उत्पादों की ब्लक में बिक्री ना हो, इसके लिए स्पॉट बनाकर चेकिंग की जाए।

## गर्मी के साथ बढ़ी सुराही, मटके और जलकुंडी की मांग

# देश में छाई झज्जर की झझरी, कारीगरों ने ट्रक भरकर ऑर्डर भेजे

**जयपुर, मुंबई, पुणे, दिल्ली, भोपाल, नोएडा व पंजाब से मिल रहे बंपर ऑर्डर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। छावनी मोहल्ले में लगी सुराही व मटकों की दुकान।

सिटी पल्स

गर्मी के बीच लोगों के प्यास से सूखे गले में ठंडक लाने के लिए देशभर में अपनी पहचान बना चुकी झज्जर की झझरी अर्थात सुराही की डिमांड जोरों पर है। शहर के छावनी मोहल्ले के कारीगर करीब दो माह से सुराही तैयार करने में जुटे हैं। सुराही के कारीगर महाबीर ने बताया कि वे जयपुर व पंजाब के अमृतसर के दो गाड़ियों के ऑर्डर पूरा कर चुके हैं। अब वे तीसरे ऑर्डर की तैयारी में जुटे हैं। यदि महाबीर की मानें तो जितनी सुराहियां इन दिनों में तैयार कर रहे हैं उससे कहीं और अधिक ऑर्डर उनके पास हैं। मौसम अभी उनके अनुकूल हैं इसलिए उनके द्वारा सुराही तैयार करने के कार्य को तीव्र गति से अंजाम दिया रहा है। एक दिन में वे औसतन करीब पचास सुराही तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा मायानगरी मुबंई, नासिक, पुणे, अहमदाबाद, भोपाल व आगरा आदि बड़े शहरों से भी सुराही की मांग आती है। इसके अलावा वेद व राजू का परिवार भी सुराही तैयार करने में जुटा है।

### चंद कारीगरों के पास रह गई है सुराही बनाने की कला



कारीगर महाबीर ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में अपनी ठंडक की धूम मचाने वाली सुराही की बिक्री अब बढ़ती महंगाई के कारण दम तोड़ने लगी है। पहले जहां अकेले छावनी मोहल्ला में सैकड़ों परिवार माटी के व्यवसाय के सहारे चलते थे वहीं अब धीरे-धीरे सुराही बनाने की यह कला चंद कारीगरों के पास रह गई है।

### मटका बनाने वाले कारीगर के पास 800 मटकों का ऑर्डर



मटका बनाने वाले कारीगर नरेश बेडवाल ने बताया कि गर्मी अधिक पड़ने के कारण अबकी बार सीजन अच्छा है। उसके पास अभी से 800 मटकों का ऑर्डर आया हुआ है। वह दिन-रात मेहनत कर एक दिन में औसतन 25 से 30 मटके ही बनाता है। वह एक सौ रुपये के थोक रेट वाले मटके तैयार करता है।

### टोंटी वाले मिट्टी के कैंपर बने आकर्षण, वाटर बॉटल की भी मांग



गर्मी के इस मौसम में जहां सुराही की डिमांड अधिक है वहीं टोंटी वाले मिट्टी के कैंपर व मटके भी लोगों को खूब लुभा रहे हैं। मिट्टी के बर्तन विक्रेता शांति देवी व लक्ष्मण ने बताया कि उनके पास 300 रुपये में कैंपर तथा 150 से 200 रुपये कीमत तक वाला मटका उपलब्ध है। इसके अलावा मिट्टी की वाटर बॉटल, छोटी मटकियां व सुराही आदि की बिक्री भी जोर पकड़ रही है। मिट्टी कारीगरों ने मांग की कि सरकार इस कला को बचाने के लिए पुख्ता नीति तैयार करे, जिसका सीधा फायदा उन लोगों को मिले जो इस माटी कला के काम में जमीनी स्तर पर जुड़े हुए हैं।

# सैनिक रेस्ट हाउस दूसरे विभाग को न देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुराने अदालत परिसर के निकट स्थित सैनिक रेस्ट हाउस में पेयजल आदि सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने और इस रेस्ट हाउस को सैनिकों व पूर्व सैनिकों के लिए नियमित रूप से खोलने की मांग उठी है।

त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन बहादुरगढ़ की बैठक मंगलवार को शहर की कॉलोनी आर्यनगर की गली नंबर-1 स्थित संगठन कार्यालय में हुई। बैठक में उपस्थित सभी ने सैनिक रेस्ट हाउस को आबकारी एवं कराधान विभाग या किसी अन्य को किराए पर न देकर सैनिकों व पूर्व सैनिकों के लिए नियमित रूप से खोलने की मांग की। अध्यक्ष श्रीनिवास छिकारा ने बताया कि उन्होंने पिछले सप्ताह झज्जर के उपायुक्त को ज्ञापन देकर रेस्ट हाउस सैनिकों व पूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध करवाने की मांग की थी, लेकिन सही कार्यवाही नहीं हुई है।

बैठक में उपाध्यक्ष पवन कोच, सह सचिव रणधीर तूर, वेटर्न अजीत देशवाल, सतबीर, जगमेंद्र, श्रीभगवान, महेंद्र रोहिल्ला, रामवीर राठी, जय भगवान, राजेंद्र, विनोद कुमार, मांगेराम, हुकम सिंह यादव, नरेंद्र कादियान, महेंद्र छिकारा, सुदेश कुमार व तारीफ सिंह शामिल हुए।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

## लाइफ Style



# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड



*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*

***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगांगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

# कई ट्रेनें पहुंचीं लेट, यात्री दिनभर रहे परेशान

पंजाब मेल 25 मिनट दिल्ली-रोहतक सवारी 45 मिनट, अवध आसाम एक्सप्रेस 25 मिनट देरी से पहुंची

भिवानी-तिलक ब्रिज सवारी 22 मिनट तथा जींद-दिल्ली एक्सप्रेस 1 घंटा 9 मिनट की देरी से आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर ट्रेनों की लेट-लतीफी से दैनिक रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। एक्सप्रेस हो या सवारी, अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से बहादुरगढ़ स्टेशन पहुंच रही हैं। इसके चलते नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी कई ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देर से बहादुरगढ़ स्टेशन पहुंचीं। इनमें गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल 25 मिनट, 74012 दिल्ली-रोहतक सवारी गाड़ी 45 मिनट, 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस 25 मिनट, 14737 भिवानी-तिलक ब्रिज सवारी गाड़ी 22 मिनट तथा 64912 जींद-दिल्ली एक्सप्रेस 1 घंटा 9 मिनट की देरी से पहुंची। इसी प्रकार गाड़ी 54036 जाखल-शकूरबस्ती सवारी गाड़ी 2 घंटे, 54424 हिसार-नई दिल्ली सवारी गाड़ी 50 मिनट, 14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली डेमू फास्ट पैसेंजर 1 घंटा, 20424 पातालकोट एक्सप्रेस 55 मिनट, 14732 किसान एक्सप्रेस 17 मिनट तथा 12482 श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 15 मिनट देरी से बहादुरगढ़ स्टेशन पहुंची।

दिल्ली से रोहतक की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं रही। गाड़ी 54005 दिल्ली-भिवानी पैसेंजर 25 मिनट, 12555 गोरखधाम-बठिंडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटा, 14117 कालिंदी एक्सप्रेस 2 घंटे, 22479 शरबत दा भल्ला एक्सप्रेस 15 मिनट, 64915 नई दिल्ली-जींद मेमू लगभग डेढ़ घंटा तथा 15305 नई दिल्ली-रोहतक इंटरसिटी 35 मिनट की देरी से बहादुरगढ़ स्टेशन पहुंची। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा ने कहा कि पिछले महीने में शायद ही कोई ट्रेन निर्धारित समय हो। समिति की ओर से रेल विभाग को पत्र लिखकर दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर चलने वाली सभी सवारी और एक्सप्रेस ट्रेनों को निर्धारित समय पर संचालित करने की मांग की गई है।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का भव्य स्वागत



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा बहादुरगढ़ में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष आर्यन मान के निवास पर पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोवा सतरह पंचायत के अध्यक्ष अशोक मान, दलवीर मान तथा पूर्व सरपंच सिकंदर मान ने संबित पात्रा का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संबित पात्रा ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति ही लोकतंत्र की असली पाठशाला है। युवाओं का आगे आना राजनीति में नई ऊर्जा और पारदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने आर्यन मान को बधाई देते हुए कहा कि छात्रहितों के मुद्दों पर वे हमेशा सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश के विकास और आम जनता के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया।

## बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया



**बहादुरगढ़।** स्थानीय आईडीटीआर सेंटर में बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 1 से 90 तक के बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम अभिनव सिवाच के निर्देशानुसार हुआ।

निर्वाचन कानूनगो मनीष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी देते हुए बीएलओ को प्रत्येक मतदाता का एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने और पुराने रिकॉर्ड से अधिकतम मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रशिक्षण में मतदाता सत्यापन, मैपिंग प्रक्रिया, ऑनलाइन सेवाओं और एन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सभी बीएलओ को निर्धारित समय में शत-प्रतिशत एन्यूमरेशन और पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि मतदाता वोटर पोर्टल और ईसीआई.नेट ऐप के माध्यम से भी अपना विवरण सत्यापित कर ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

## अवैध होर्डिंग्स व साइन बोर्ड हटाने की मांग

**बहादुरगढ़।** इलाके में दिल्ली-रोहतक मार्ग पर सड़क के बीच डिवाइडर पर काफी संख्या में अवैध रूप से होर्डिंग्स व साइन बोर्ड लगे हैं। इस वजह से मार्ग पर अव्यवस्था हो रही है। पूर्व एरिया वेलफेयर ऑफिसर इंद्रजीत हाडा ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर अवैध होर्डिंग्स और साइनबोर्ड हटाने की मांग की है।

हाडा ने अपने पत्र में कहा कि सांखोल गांव से गुजरने वाले इस पुराने दिल्ली-फाजिल्का राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के बीचोंबीच अनाधिकृत रूप से लगाए गए होर्डिंग्स और साइनबोर्ड वाहन चालकों व पैदल यात्रियों की दृश्यता को प्रभावित कर रहे हैं। इससे सड़क सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि ये होर्डिंग्स न केवल यातायात संचालन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि वाहन चालकों का ध्यान भी भटकाते हैं, जिससे हादसों की संभावना बढ़ जाती है। हाडा ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि मुख्य सड़कों पर यातायात की सुगमता या सार्वजनिक सुरक्षा में बाधा पहुंचाने वाली ऐसी संरचनाओं की अनुमति नहीं है। उन्होंने मुख्य सचिव से जनहित व सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया है।

डीसी ने शहीद राजेश जून खेल स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

# स्टेडियम के विस्तार और सुधार कार्यों को गंभीरता से आगे बढ़ाएं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



डीसी वर्षा खांगवाल ने गांव नूना माजरा स्थित शहीद राजेश जून खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को खेल सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार से स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और खिलाड़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि स्टेडियम से जुड़े विकास कार्यों को लेकर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। खेल प्रतिभाओं को बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारी स्टेडियम के विस्तार और सुधार कार्यों को गंभीरता एवं सजगता से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने स्टेडियम में अभ्यास कर रहे बाल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डीडीपीओ निशा तंवर, तहसीलदार सुदेश महरा, नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार, पंचायत समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय जून, सरपंच जयभगवान, एसईपीओ पंकज कुमार, सुरेंद्र सिंह, विकास जून, फुटबॉल कोच रितु, मनीषा, विशाल व मोहित आदि उपस्थित रहे।

## डीसी ने प्राचीन गुरुकुल कॉलेज में पुरातत्व संग्रहालय का किया दौरा



**झज्जर।** ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से डीसी वर्षा खांगवाल ने मंगलवार को प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय स्थित पुरातत्व संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, प्राचीन सिक्कों, अभिलेखों एवं ऐतिहासिक प्रतिमाओं का गहन अवलोकन किया और उनके महत्व की जानकारी गुरुकुल के संचालक आचार्य विजयपाल से प्राप्त की। आचार्य विजयपाल, विरजानंद देवकरिणी सहित प्रबंधन समिति ने डीसी को संग्रहालय में सुरक्षित धरोहरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये प्राचीन पांडुलिपियां और वस्तुएं भारतीय सभ्यता की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं और शोध के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डीसी ने संग्रहालय में संरक्षित धरोहरों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का मुख्य उद्देश्य ऐसी अमूल्य विरासत की पहचान, संरक्षण और दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रह सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उपलब्ध सभी प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वे कार्य गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

## सेमग्रस्त भूमि को कृषि योग्य बनाने की योजना तैयार करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** मंगलवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ डीसी वर्षा खांगवाल ने जिले की भूमि को सेम से छुटकारा और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिले में वाटर लॉगिंग एवं सेमग्रस्त भूमि की समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, जल निकासी व्यवस्था तथा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जलभराव और सेमग्रस्त भूमि किसानों की कृषि उत्पादन क्षमता को प्रभावित करती है, इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल निकासी नालों, ड्रेनों एवं अन्य संरचनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा जहां भी जलभराव की समस्या अधिक रहती है वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## 528 बालिकाओं को लगाई जा चुकी एचपीवी वैक्सीनः डॉ. मंजू



9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जाता है निःशुल्क टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में जनजागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि ग्राम प्रधानों के सहयोग से पेरेंट्स मीटिंग्स आयोजित कर अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व और लाभों की जानकारी दी जा रही है।

मंगलवार को अभियान के अंतर्गत मोहनबाड़ी, खानपुर खुर्द, गोरिया, झाड़ली, सुधराना और लिलोढ़ सहित विभिन्न गांवों में जागरूकता बैठकें आयोजित की गईं। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अंकित चौधरी व एसएमओ डॉक्टर आदित्य की अध्यक्षता में आयोजित इन बैठकों में लोगों को बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है।

डॉक्टर आदित्य ने बताया कि 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए यह टीका नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित एवं विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है और 160 से अधिक देशों में इसका उपयोग किया जा रहा है। सीएमओ मंजू कादियान ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण करवाकर उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें। जिले में अब तक 528 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है।



## लोक कल्याण मेले में स्वनिधि योजना की जानकारी दी

**झज्जर।** भारत सरकार, शहरी कार्य मंत्रालय तथा प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे लोक कल्याण मेले में लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई। नगर परिषद के टीसीओ अजीत चौहान ने बताया कि एनयूएलएम टीम द्वारा तीस जून तक यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी एवं स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को 15 हजार, 25 हजार व 50 हजार रुपये तक के ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना के अंतर्गत ऋण आवेदन, ऋण स्वीकृति, डिजिटल लेन-देन, सरकारी योजनाओं एवं अन्य सुविधाओं संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। सोमवार को उन्होंने अंबेडकर चौक पर दुकानदारों को एकत्रित कर उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा की जानकारी दी।

नगर परिषद के टीसीओ अजीत चौहान ने बताया कि एनयूएलएम टीम द्वारा तीस जून तक यह विशेष अभियान चलाया जाएगा

सिवाना के ग्रामीणों को संस्कार स्थल तक शव ले जाने में होती थी परेशानी

# चंदा जुटाकर ग्रामीणों ने बदली श्मशान भूमि की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

क्षेत्र के गांव सिवाना में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और जनभागीदारी का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए चंदा एकत्रित कर गांव की श्मशान भूमि के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया है। ग्रामीण पिछले कई दिनों से लगातार प्रयास कर श्मशान भूमि को नया स्वरूप देने में जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के श्मशान घाट की स्थिति लंबे समय से अत्यंत दयनीय बनी हुई थी। हालात ऐसे थे कि अंतिम संस्कार के लिए शव को क्रियाकर्म स्थल तक ले जाना भी कठिन हो जाता था। ग्रामीणों ने स्वयं कदम बढ़ाते हुए चंदा एकत्रित किया और श्मशान भूमि का विकास कार्य शुरू कराया।

श्मशान भूमि को समतल करवाकर सौंदर्यीकरण भी करवाया

ग्रामीणों की इस पहल ने जहां सामाजिक एकता और जनसहयोग का उदाहरण पेश किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार गांवों के श्मशान घाट जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए तो ऐसे कार्यों के लिए लोगों को स्वयं चंदा जुटाने की आवश्यकता न पड़े। इस अवसर पर रामधारी, बिजेंद्र, राजीव, धर्मेंद्र, सुरेश, प्रवीण, छोटा अंकित, भोलू, राजा, श्री भगवान अजीत व लीलू सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बच्चों को रोचक ढंग से सिखाईं भाषाएं



**झज्जर।** एमआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के अंतिम दिन विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक खेलों, भाषा-आधारित गतिविधियों, प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भारतीय भाषाओं को रोचक एवं मनोरंजक ढंग से सीखने के लिए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अंताक्षरी, टंग ट्विस्टर, शब्द संबद्धता खेल तथा अन्य भाषा-आधारित पारंपरिक खेलों के माध्यम से अपनी भाषाई दक्षता, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए प्राचार्या संगीता ने कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति और विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा एवं अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और लगाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों ने लिया लूडो व कैरम का आनंद



**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनूपुर में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। इस दौरान बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, पचीसी और लगोरी जैसे पारंपरिक खेलों में जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं कैरम व लूडो जैसे भी खेलों का भी आनंद लिया। प्राचार्या सुदेश ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए अपना गृहकार्य समय पर पूरा करने, प्रेरणादायक पुस्तकें पढ़ने, नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा माता-पिता के कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया।

### पारंपरिक खेलों की जानकारी दी



**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में चल रहा सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न हो गया। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा निर्देशित शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक खेल, प्रेरणात्मक बातों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में बच्चों ने कई प्रकार के खेलों जैसे बाधा दौड़, कबड्डी, जंप, रस्साकसी आदि में भाग लिया। विजेता बच्चों तथा टीम को शिक्षण सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। इसके उपरांत उन्हें गर्मी से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए धूप में बाहर न निकलने, अधिक से अधिक पानी का सेवन करने, होमवर्क करने, महापुरुषों की कहानियां पढ़ने आदि बारे प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्राध्यापिका यशवंती, मुमताज, राकेश, सुनील कुमार, विक्रम सिंह, रमेश कुमार, परमजीत व नवीन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### एचडी में विद्यार्थियों को दिए प्रमाण-पत्र



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन कैंप मंगलवार को संपन्न हो गया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में पंजाबी प्राध्यापिका अमनदीप कौर ने पारंपरिक खेल, प्रेरणादायक, टिप्स, अंताक्षरी, टंग ट्विस्टर्स, अर्थ व ध्वनि के आधार पर शब्द जोड़ना, प्रश्नोत्तरी और माता-पिता के सामने बच्चों की प्रस्तुति सहित अनेक शिक्षण पद्धतियों का अभ्यास कराया। शिविर में विद्यार्थियों ने तीसरी भाषा के रूप में पंजाबी भाषा का ज्ञानार्जन किया, जो उनके बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होगी। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि बच्चों ने पंजाबी भाषा को उत्साहपूर्वक सीखा और सात दिन की सभी जानकारियों को आत्मसात किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी गाना, नाचना, खाना और चित्रकलाओं से सभी को मन मोहा। इस मौके पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया, एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

### अवैध कॉलोनियों की शिकायत की



**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में पनप रही अवैध कॉलोनियों को लेकर एक बार फिर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिकायत की है। गुरुग्राम में हुई मुलाकात जसबीर ने सीएम को बताया कि प्रशासन द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। भू-माफियाओं को भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। ऐसी कई साइट्स की शिकायत प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग सत्ता की आड़ लेकर अवैध कॉलोनी काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### सह सचिव ने किया औचक निरीक्षण



**झज्जर।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला की सह सचिव मानविका यादव व स्टाफ मेंबर ने मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का औचक निरीक्षण किया। टीम द्वारा नागरिक अस्पताल में संचालित मुफ्त कानूनी सहायता केंद्र व एडीआर सेंटर का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड की जांच की। उसके उपरांत जिला कारागार में संचालित मुफ्त कानूनी सहायता केंद्र का निरीक्षण करते हुए उचित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अलावा इस पांच सदस्यीय टीम द्वारा जिला कारागार में संचालित मुलाकाती एरिया में स्थापित हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया। निरीक्षण करने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्य संतोषजनक रहा।

शब्दों से समाज को दिशा देता है मीडिया

# पत्रकारिता में विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं : डॉ. अमित


झज्जर। राजकीय महाविद्यालय में पढ़ते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्टूडेंट गाइड

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी 15 जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **पत्रकारिता का विषय:** डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जहां बीए में पत्रकारिता एवं जनसंचार का वैकल्पिक विषय उपलब्ध है। साथ ही पत्रकारिता एवं जनसंचार में एमए का पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है। बीए में इसका सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, शारीरिक शिक्षा और दर्शनशास्त्र के साथ है। इनमें से किसी भी विषय के साथ पत्रकारिता एवं जनसंचार का विषय लिया जा सकता है। इसके अलावा अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भी पत्रकारिता एवं जनसंचार को माइनर और मल्टी डिसिप्लिनरी विषय के रूप में पढ़ सकते हैं। यह बहुत आसान, स्कोरिंग और रोजगारोन्मुखी विषय है।

### मीडिया साक्षरता की जरूरत

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि आज मोबाइल फोन से लेकर सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों तक, हर व्यक्ति कहीं न कहीं पत्रकारिता के प्रभाव में है। ऐसे में पत्रकारिता को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनना न केवल शैक्षणिक रूप से लाभकारी है बल्कि आज हर नागरिक का मीडिया साक्षर होना जरूरी है ताकि वह सही और गलत सूचना में अंतर बता सके तथा सूचनाओं का सही उपयोग कर सके।

### स्नातक में दाखिले के लिए अब 15 जून तक पंजीकरण करने का मौका


डॉ. राजवंती शर्मा।

बहादुरगढ़। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि जिन छात्राओं ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वे इस मौके का लाभ उठाएं। निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूर करवाएं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि पंजीकरण नहीं करवा सकी छात्राओं के लिए विभाग ने पंजीकरण तिथि को 15 जून तक बढ़ाया है। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें तथा समय रहते अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें। अंतिम दिनों में ऑनलाइन पोर्टल पर अत्यधिक ट्रैफिक बढ़ने के कारण सर्वर धीमा होने, वेबसाइट के कार्य न करने तथा दस्तावेज अपलोड करने में कठिनाई जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### बादली कॉलेज में रजिस्ट्रेशन जारी

बहादुरगढ़। चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। नोडल अधिकारी डॉ विजय सिंह ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है। प्राचार्य मेजर आनंद काद्याण ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी केमेस्ट्री ऑनर्स, बीए भूगोल ऑनर्स में कुल 660 सीटों पर प्रवेश के लिए 204 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है और हेल्पडेस्क भी बनाया गया है।



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# बदल गया बचपन का अंदाज, पर यादों में जिंदा है गिल्ली-डंडा और कंचे

झूलों पर मस्ती करते बच्चों को देख हिलौरे मारने लगा बचपन

ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते आजकल पार्कों में रौनक बढ़ गई है। सुबह-शाम सैर को आने वाले लोगों के साथ बच्चों की संख्या भी खूब रहती है। बच्चे पार्कों में लगे झूलों का आनंद लेते हुए मस्ती करते दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में कई बार बुजुर्ग भी अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए पुरानी यादों में खो जाते हैं। उनमें भी बचपन हिलौरे मारने लगता है। वे अपने बचपन की तुलना आज के बच्चों के बचपन से करने लगते हैं। उन्हें याद आता है कि आज बच्चों को बगैर किसी अतिरिक्त मेहनत के बैठे-बिठाए मनोरंजन की हर चीज आसानी से मुहैया हो रही है लेकिन उनके जमाने में सबकुछ इतना आसान नहीं था। हॉकी जैसा खेल खेलने के लिए जहां उन्हें पेड़ से हॉकीनुमा टहनी तोड़ कर (जिसे खुलिया कहा जाता था) उसे साफ करते हुए हॉकी का रूप दिया जाता था वहीं बॉल खरीदने के पैसे न होने के चलते कपड़े व रद्दी कागज की सहायता से बॉल बनानी पड़ती थी। इसी प्रकार क्रिकेट जैसे शोक पूरा करने के लिए वे घर से कपड़े साफ करने वाली थापी भी उठा ले जाते थे। इसके बाद उन्हें घरवालों की डांट फटकार भी सामना करना पड़ता था।



### बच्चों को आसानी से उपलब्ध है आउट व इंडोर गेम


मांगेलाल।

: हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त मांगेलाल ने बताया कि आज के जमाने में बच्चों के पास मनोरंजन के पर्याप्त साधन हैं। उनके जमाने में ऐसा नहीं था। वर्तमान समय में जहां बच्चों के पास वीडियो गेम, हॉकी, बास्केट बॉल, शतरंज, क्रिकेट जैसे कई इंडोर व आउटडोर आसानी से उपलब्ध हैं वहीं उनके जमाने में हॉकी के नाम खुलिया (पेड़ की एक हॉकीनुमा टहनी) व क्रिकेट के नाम पर घर में कपड़े साफ करने के उपयोग में आने वाली थापी को बैट व कपड़े की सहायता से बनाई गई बॉल से खेला जाता था। इसके अलावा गिल्ली-डंडा, कंचे, माचिस के ताश, शतरंज के नाम पर दिमागी खेल बारहकंटी खेला जाता था।

### नहीं होते थे पार्क, जोहड़ किनारे पेड़ों की छांव में गुजरती थी सुबह-शाम


सूरजमल।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से सेवानिवृत्त सूरजमल निन्यानिया बताते हैं कि उनके जमाने में पार्कों की सुविधा केवल शहरों में हुआ करती थी ऐसे में वे केवल जोहड़ किनारे पेड़ों की छांव का आनंद लेते थे। वे बताते हैं कि बेशक उनके समय में पार्कों की तर्ज पर झूले व ओपन जिम नहीं होती थी। केवल तीज के दिनों में ही जब झूले डाले जाते थे वे तभी उनका आनंद उठाते थे और दंड बैठक, पेड़ों की टहनियों पर लटकना, दौड़ लगाना आदि ही उनकी कसरतों में शामिल होता था। आजकल तो प्रदेश सरकार द्वारा गांव में भी छोटे-छोटे पार्क स्थापित किए जा चुके हैं।

### किताबों में सिमट कर रही गई दादा-दादी की कहानियां


धन्नूराम।

शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त धन्नूराम बताते हैं कि आजकल बच्चे दिन भर मोबाइल व टीवी आदि देखने में व्यस्त रहते हैं उन्हें अपने बड़ों के पास बैठकर समय बिताने की फुर्सत नहीं है। ऐसे में दादा-दादी व नाना-नानी की कहानियां केवल किताबों में सिमट कर रह गई हैं। उन्हें आज भी याद है जब वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अपने ननिहाल जाते थे तो अपनी नानी से कहानी सुनते थे। घर में दादा-दादी के पास बैठ कर रोजाना एक से दो घंटे तक किस्से-कहानियां उनकी दिनचर्या में शामिल था। उनके माता-पिता भी इस बैठक में सदैव उनके साथ रहते थे। अब वो बात नहीं रही।

# अखाड़े में पहुंचने पर दीक्षा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। दीक्षा दलाल का स्वागत करते कोच और साथी पहलवान।

वियतनाम में हुई एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी बहादुरगढ़ की 15 वर्षीय पहलवान दीक्षा दलाल का हिंद केसरी सोनू अखाड़े में जोरदार स्वागत किया गया। दीक्षा के दादा लाजपतराय ने पूरी टीम और ग्रामीणों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

वर्ष-2021 से हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कुश्ती के गुर सीख रही दीक्षा दलाल ने 22 किलो भारवर्ग से अपने सफर की शुरुआत की थी। आज वह 47 किलो भारवर्ग में देश का प्रतिनिधित्व कर रही है। दीक्षा वर्ष 2019-20 से लेकर 2025-26 तक जिला स्तर पर गोल्ड जीतने के साथ ही लगातार सात साल से स्टेट चैंपियन हैं। दीक्षा साल 2023-24 में पहली बार नेशनल खेलने उतरीं और वहां भी गोल्ड जीता। तब से लेकर अब तक वह हर साल नेशनल में गोल्ड जीत रही हैं। नेशनल चैंपियन बनते ही उसे इंटरनेशनल मुकाबलों का टिकट मिला। दीक्षा ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में लगातार तीसरा गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी बादशाहत साबित की है। दीक्षा ने कहा कि उसका लक्ष्य ओलंपिक है और वह देश के लिए ओलंपिक गोल्ड जीतकर ही रहेगी। हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर, कुश्ती कोच सुधीर, सेठी पहलवान, मुकेश कोच, रिंकू कोच, अनुराग कोच, संजय रोहद, कृष्ण छारा और प्रदीप आदि ने दीक्षा का स्वागत किया।

# जेईई एडवांस्ड में सम्राट को सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। उत्तीर्ण होने पर सम्राट को मिठाई खिलाते परिजन।

सोलधा गांव के 16 वर्षीय होनहार छात्र सम्राट ने देश की प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस कम उम्र में सम्राट की सफलता उनकी मेहनत, लगन और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। सम्राट तैराकी में स्टेट लेवल पर पदक जीतने के अलावा एनडीए की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुका है।

बता दें कि इस वर्ष लगभग साढ़े 15 लाख विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया में भाग लिया था। सम्राट के पिता डॉ. हंसराज गुरुग्राम में जीवविज्ञान (बायोलॉजी) के व्याख्याता हैं, जबकि मां गृहिणी है। उन्होंने बताया कि सम्राट पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट है। दो वर्ष पहले उसने हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जेईई की तैयारी पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए उसने कुछ समय के लिए तैराकी से विराम लिया। सम्राट ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। सम्राट ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया है। उसके अनुसार नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से यह लक्ष्य हासिल किया है। सूबेदार रामनिवास काजला, मास्टर हवा सिंह, सतबीर काजला, अरुण काजला, कृष्ण कुमार, राज काजला व प्रमोद आदि ने सम्राट की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य किशोरों को प्रेरणा देगी। उन्होंने खुशी और गर्व का इजहार करते हुए सम्राट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीआरजी के कृष्णन और नवीन का ऐतिहासिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। रजत पदक हासिल करते कर्नल कृष्णन बधवार।


बहादुरगढ़। नवीन राणा

उत्तराखंड के मलारी, नीति वैली, चमोली में आयोजित निति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन में शानदार प्रदर्शन करते हुए बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य कर्नल कृष्णन बधवार ने 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही ग्रुप के दूसरे सदस्य नवीन राणा ने भी लगातार 2100 दिनों तक दौड़ने का रिकॉर्ड पूरा किया।

बीआरजी संचालक दीपक छिल्लर ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित यह स्पर्धा देश की सबसे चुनौतीपूर्ण अल्ट्रा रन प्रतियोगिताओं में गिनी जाती है। लगभग 15 हजार फीट की ऊंचाई पर तमाम कठिन परिस्थितियों में 75 किलोमीटर की दौड़ में कर्नल कृष्णन बधवार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन, समर्पण और वर्षों के प्रशिक्षण के दम पर दूसरा स्थान हासिल कर बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया। साथ ही नवीन राणा ने वर्ष 2019 से बिना किसी रुकावट के नियमित दौड़ जारी रखकर फिटनेस, अनुशासन और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया है। उनकी 2100 दिन तक लगातार दौड़ने की उपलब्धि बीआरजी के सभी सदस्यों और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है।


झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते हुए खिलाड़ी।

### योगासन में स्मृति व तन्नू ने पाया पहला स्थान

झज्जर। मंगलवार को योगासन से जुड़ी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयुष अधिकारी डॉक्टर पवन देशवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में ब्लॉक झज्जर से स्मृति व तन्नू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ब्लॉक माछरौली से नैतिक, अंशु व मोनिका, साल्हावास ब्लॉक से प्रिंस व तेजस्वी, बहादुरगढ़ ब्लॉक से दीपांशु, लावण्य, हर्ष व पूनम ने प्रथम स्थान हासिल किया। बादली ब्लॉक से मोहित, अजय, हिमांशी व मन्नू, मातनहेल ब्लॉक से रितिका, सिद्धार्थ, सुरेंद्र व मंजू तथा बेरी ब्लॉक से यश व प्राची प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को योगाभ्यास कराया गया।

### सांझी के माध्यम से लोक कला को संरक्षित रखने का संकल्प



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांझी कला कार्यशाला का समापन बुधवार को होगा। इसमें क्षेत्र की महिलाओं एवं स्वयंसेविकाओं की सक्रिय सहभागिता नजर आ रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सांझी कला के इतिहास, महत्व तथा इसके विभिन्न कलात्मक स्वरूपों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें व्यावहारिक रूप से सांझी निर्माण की विधियां भी सिखाई जा रही हैं। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि सांझी केवल एक कला नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। ऐसी कार्यशालाएं युवाओं में अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करती हैं तथा लोक कलाओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### जेईई एडवांस्ड परीक्षा आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

झज्जर। जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणामों में आरपीएस स्कूल कोसली के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नेहा, शुभम, प्रिंस, समीर, नवनीत कुमार, जतिन तथा रूपेश शामिल हैं। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव तथा प्राचार्या अंजू यादव ने सभी को बधाई दी।

पार्क बनने से ग्रामीणों को मिलेंगी सुविधाएंः राजेश जून

# मेहंदीपुर डाबोदा में 10 लाख की लागत से बनेगा भव्य पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पार्क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून व ग्रामीण।

विधायक राजेश जून ने गांव मेहंदीपुर डाबोदा में मंगलवार को विधायक कोटे के अंतर्गत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भव्य पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत व सम्मान किया। बुजुर्गों ने निरंतर विकास करवाने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश जून ने कहा कि गांव में पार्क बनने से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल मिलेगा, जहां लोग सुबह-शाम सैर कर सकेंगे और बच्चे खेल सकेंगे। इस पार्क को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। पार्क की चारदीवारी बनाई जाएगी, हरियाली विकसित की जाएगी तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए जाएंगे। ।इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव की कुछ स्थानीय समस्याएं भी रखीं। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द स्थायी समाधान करवाया जाएगा। राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ हलके में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### उपचार केंद्र में गोवंश की सेवा की

बहादुरगढ़। गुरु तेग बहादुर एथलेटिक क्लब द्वारा गो सेवा अभियान की शुरुआत की गई। कोच प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बादली रोड स्थित गो उपचार केंद्र में पहुंचकर गोमाता की सेवा की। क्लब की ओर से 5 कट्टे हरा चारा और 10 किलो गुड़ भेंट किया। खिलाड़ियों ने अपने हाथों से गोमाता को चारा एवं गुड़ खिलाया। कोच प्रशांत के अनुसार यह अभियान महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों से प्रेरित है। उनके बताए आदर्शों पर चलते हुए क्लब द्वारा बच्चों में सेवा, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में हर्षिता, लक्षिता, संस्कार, मुकुल, विवान, मयंक डांगी, मनीष दलाल, यश, दिवेश, गर्वित, निशांत, भूमिका, अंकुष सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### कुलासी में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

बहादुरगढ़। आर्य समाज और ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में गांव कुलासी की बड़ी चौपाल में दसवीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में वर्षा, श्रृष्टि, वैशाली, खुशी, भावना, दक्ष, कार्तिक, विहान, गौरव, हन्नी, हैप्पी, अंश और यश शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन ओमबीर आर्य ने किया। मुख्य वक्ता जसोरखेड़ी के हरिओम आर्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा और नियमित व्यायाम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने दसवीं के बाद विषय चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं और विद्यार्थियों को अपनी रुचि व लक्ष्य के अनुसार विषय चुनने की सलाह दी।



### प्री सुब्रतो कप में रनर-अप रहा सूरजमल स्कूल

बहादुरगढ़। गुरुग्राम स्थित आरबीएसएम स्कूल में हुई सीबीएसई प्री सुब्रतो कप फुटबॉल अंडर-17 बॉयज नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के महाराजा सूरजमल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर अप का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर सहित 32 टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट में महाराजा सूरजमल स्कूल की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और फाइनल तक का सफर तय कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल परिसर पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। चेयरमैन प्रोफेसर श्याम सिंह, मैनेजर राजवीर छिकारा और कोषाध्यक्ष देवराज ओहल्याण ने खिलाड़ियों व कोच प्रदीप दलाल को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कोच प्रदीप दलाल ने कहा कि टीम के खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित व शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कहा कि भविष्य में टीम और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी।

### साइकिल अपनाएं, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत बनाएं



झज्जर। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान की ब्रांड एंबेसडर एवं कश्मीर से कन्याकुमारी रिले रेस में वर्ष 2024 की सिल्वर मेडल विजेता स्वीटी मलिक ने लोगों से साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का सबसे सरल व प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में छोटी दूरियों के लिए साइकिल का उपयोग कर कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। युवाओं से विशेष रूप से साइकिलिंग अपनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि खेल और फिटनेस से जुड़कर युवा नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रह कर नशामुक्त भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।